आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

SATYA SPORTS
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 11 मेरठ, गुरुवार 19 मार्च, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु जनजातियों के उत्थान के लिये संसद में बिल पेश

**दिल्ली।** संसद में 13 मार्च को डॉ. के. लक्ष्मण राज्यसभा सांसद (भाजपा, उत्तर प्रदेश) ने एक अहम निजी सदस्य विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु जनजातियों को संवैधानिक मान्यता प्रदान करना और उनके लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करना है। यह पहल उन समुदायों के लिए ऐतिहासिक अन्याय के प्रभाव को दूर करने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है, जिन्हें औपनिवेशिक काल से ही 'आदतन अपराधी के रूप में वर्गीकृत किया गया था। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 342 में संशोधन करके राष्ट्रपति किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में इन समुदायों को विनिर्दिष्ट कर सकेंगे। इस विनिर्दिष्टि का प्रभाव संघ और राज्य सरकारों के सभी कानूनों, नीतियों और कार्यक्रमों पर लागू होगा और इसे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के समान संवैधानिक दर्जा प्राप्त होगा। विधेयक के तहत विमुक्त, घुमंतु और अर्ध घुमंतु जनजातियों के लिए एक स्थायी संवैधानिक आयोग की स्थापना भी प्रस्तावित की गई है। यह आयोग स्वतंत्र संवैधानिक निकाय होगा और इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सदस्य होंगे, जिनमें इन समुदायों का यथोचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। आयोग का कार्य केवल निगरानी और संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के उपायों पर केंद्र और राज्य



सरकारों को परामर्श देगा। इसके अलावा आयोग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुकन्या शांता बनाम भारत संघ (2024) जैसे मामलों में जारी सुधारात्मक निर्देशों के अनुपालन की निगरानी भी करेगा। विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या समुदाय को जाति, जनजाति या समुदाय के आधार पर 'आदतन अपराधी' के रूप में नामित, पंजीकृत या लक्षित नहीं किया जाएगा। इसके तहत राज्य और केंद्र सरकारें ऐसे सभी प्रावधानों को संशोधित या निरस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। यह कदम ऐतिहासिक अन्याय और प्रणालीगत भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विधेयक में विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु जनजातियों की परिभाषा भी स्पष्ट की गई है। इनमें ये समुदाय शामिल हैं जिन्हें औपनिवेशिक या उत्तर औपनिवेशिक कानूनों के अंतर्गत अपराधी या आदतन अपराधी के रूप में अधिसूचित किया गया था और जिन्हें वर्तमान में संघ या किसी राज्य सरकार द्वारा इस रूप में पहचाना जाता है। इसके साथ ही यह विधेयक इन समुदायों के संवैधानिक अधिकारों और संरक्षणों की निगरानी, उनके खिलाफ किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने और उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए विशेष प्रावधान सुनिश्चित करता है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में यह उल्लेख है कि औपनिवेशिक कानूनों के तहत सामूहिक अपराधीकरण के कारण इन समुदायों ने ऐतिहासिक अन्याय का सामना किया है, जिसका प्रभाव स्वतंत्र भारत में भी कुछ राज्य कानूनों और प्रशासनिक प्रथाओं के माध्यम से बना रहा। सुकन्या शांता बनाम भारत संघ (2024) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस लक्षितकरण को असंवैधानिक घोषित किया था और सुधारात्मक निर्देश जारी किए थे। इस विधेयक के माध्यम से संवैधानिक मान्यता और स्थायी संस्थागत व्यवस्था प्रदान कर इन समुदायों के विरुद्ध हुए ऐतिहासिक अन्याय का प्रभावी निराकरण किया जाएगा। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि यह विधेयक संविधान के समानता, गरिमा और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करेगा और विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु जनजातियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा का संवैधानिक दर्जा प्रदान करेगा। विधेयक अब संसद में विचार और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है और इसे पारित कर इन समुदायों के जीवन में सुधार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। **-बरखा राम**

## गोपाल प्रसाद बघेल 'मधु' को मिली 'स्पिरिचुअल मैनेजमेंट, लिटरेचर और होलिस्टिक हेल्थ में ऑनरेरी डॉक्टरेट' की उपाधि




**टोरंटो (कनाडा)।** 13 मार्च को इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर क्वालिटी एश्योरेंस इन प्री टर्शियरी एंड हायर एजुकेशन (क्यूएएचई) ने अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड सोशल साइंसेज (एयूबीएसएस) के साथ मिलकर गोपाल प्रसाद बघेल 'मधु' को आध्यात्मिक नेतृत्व, वैश्विक साहित्य, समग्र स्वास्थ्य (होलिस्टिक वेलबीइंग), सांस्कृतिक उन्नयन और सामाजिक सेवा में उनके असाधारण आजीवन योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'डॉक्टर ऑफ स्पिरिचुअल मैनेजमेंट, लिटरेचर और होलिस्टिक हेल्थ (ऑनोरिस कॉसा)' से सम्मानित किया। रामपुर, मथुरा (भारत) में जन्मे और वर्तमान में टोरोंटो, कनाडा में रहने वाले गोपाल बघेल 'मधु' ने पांच दशकों से ज्यादा समय तक एक असाधारण बहु-विषयक (मल्टीडिसिप्लिनरी) विरासत बनाई है। उनका एकीकृत जीवनवृत्त (इंटीग्रेटेड प्रोफाइल) इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, आध्यात्मिक गहराई, साहित्यिक महारत, सांस्कृतिक नेतृत्व और वैश्विक मानवीय जुड़ाव के एक दुर्लभ संयोजन को दर्शाता है। हिंदी, ब्रज, संस्कृत, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, उर्दू और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में लिखी गई 12,000 से ज्यादा कविताओं और लेखों के साथ वे दुनियाभर के हिंदी साहित्य समुदाय में आज के सबसे ज्यादा लिखने वाले साहित्यकारों में से एक हैं। उनकी आध्यात्मिक यात्रा 1968 में 'आनंद मार्ग' में दीक्षा के साथ शुरू हुई, जिसके बाद उन्होंने कई दशकों तक योग, तंत्र, ध्यान, राजाधिराज योग और आध्यात्मिक प्रबंधन (स्पिरिचुअल मैनेजमेंट) में पूरी लगन से अध्ययन, अभ्यास व क्रियान्वयन किया और दुनियाभर में इसका प्रचार-प्रसार भी किया। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों और इंटरनेशनल फोरम में मार्गदर्शक, आयोजक, संचालक, बीज वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में अपना योगदान दिया, वक्तव्य दिए और आध्यात्मिक दर्शन, योग विज्ञान, समग्र स्वास्थ्य (होलिस्टिक लिविंग) और मानवीय मूल्यों पर अपने विचार सबसे साझा किए। उनकी अध्यक्षता, नेतृत्व व निदेशन में अखिल विश्व हिंदी समिति (टोरोंटो), आध्यात्मिक प्रबंध पीठ (स्पिरिचुअल मैनेजमेंट फाउंडेशन), मधु प्रकाशन और गोपाल होलिस्टिक्स सम्मिलित हैं। व्यावसायिक व प्रबंधन में गोपाल बघेल 'मधु' ने भारत की पेपर इंडस्ट्री, ग्लोबल ट्रेड और कनाडा में कम्युनिटी लीडरशिप में अहम योगदान दिया है। उनके प्रमुख अनुभव में सीनियर मैनेजमेंट रोल, एंटरप्रेन्योरशिप और टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सर्विस आदि शामिल हैं। उनका सांस्कृतिक असर कवि सम्मेलनों, साहित्यिक उत्सवों और टोरोंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया) के साथ सहयोग व साझेदारी के जरिए पूरे विश्व व महाद्वीपों में फैला हुआ है। उन्हें

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**


## शेफर्ड नंदकिशोर धनगर ने एक लाख पोस्ट की ऐतिहासिक यात्रा तय की

**दिल्ली।** पाल, बघेल, धनगर और गडरिया समाज के युवाओं में चेतना और आत्मसम्मान की अलख जगाने वाले योद्धा शेफर्ड नंदकिशोर धनगर ने फेसबुक पर समाज जागरूकता से जुड़े एक लाख पोस्ट पूरे कर दिए हैं। यह केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि समाज के लिए समर्पित एक लंबी तपस्या, निरंतर संघर्ष और सेवा की मिसाल है। एक पोस्ट लिखना आसान हो सकता है, लेकिन लगातार वर्षों तक समाज के इतिहास, संस्कृति, अधिकार, महापुरुषों की विरासत और युवाओं के भविष्य पर लिखते रहना वास्तव में एक तपस्वी का कार्य है। उनका नारा समाज फर्स्ट पार्टी सेकंड हर युवा की जुबान पर हमेशा गूंजता है। नंदकिशोर धनगर ने सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि इसे




समाज शिक्षा, आत्मसम्मान और समाज जागरूकता का मंच बना दिया। शेफर्ड नंदकिशोर धनगर की यह एक लाख पोस्ट की यात्रा समाज जागरूकता के इतिहास में एक प्रेरणादायक अध्याय है और पूरे भारत में शायद वो पहले इंसान हैं जो समाज हित में 1 लाख पोस्ट पूरी कर चुके हैं। समाज सेवा की इस अद्भुत उपलब्धि पर शेफर्ड नंदकिशोर धनगर को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। उनकी कलम की यह मशाल समाज को हमेशा जागरूक और संगठित करती रहे—यही कामना है। **-शेफर्ड रामकेश धनगर**

## हितेश पाल पार्षद मनोनीत



**मेरठ।** अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष हितेश पाल को उत्तर प्रदेश सरकार ने पार्षद मनोनीत किया है। वे भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हें पार्षद मनोनीत किए जाने पर हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## सोमपाल मंडल मीडिया प्रभारी बने



**मेरठ।** सोमपाल उर्फ अर्जुन फ्लैक्स वाले को आजाद समाज पार्टी काशीराम युवा मोर्चा का मेरठ मंडल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**



कृष्ण पाल



वीरेन्द्र कुमार पाल



गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## समाज को एकजुट होना होगा!



*देशभर में गडरिया समाज की जनसंख्या 10 से 12 करोड़ के बीच आंकी जाती है लेकिन इसके बावजूद इस समाज के लोग राजनीति में बहुत ही कम सफल हो पाते हैं, इसका सबसे बड़ा कारण है हमारे समाज का एकजुट न होना। यूँ तो समाज को एकजुट व जागरूक करने के नाम पर देश में लगभग हजारों सामाजिक संगठन कार्य कर रहे हैं लेकिन इनमें से अधिकांश का कार्य केवल राजनीतिक दलों अथवा राजनेताओं की चाटुकारिता करना ही है, समाज के हितों से वास्तव में इनका कोई लेना-देना नहीं है। हां, दिखावे के तौर पर समाज की भलाई के नाम पर इन संगठनों के पदाधिकारी केवल लच्छेदार भाषण व खोखले वादे ही करते रहते हैं। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि समाज तभी एकजुट हो सकता है जब हम किसी एक व्यक्ति को अपना नेता मानें। दुर्भाग्य से देश में समाज के नेताओं की तो भरमार है लेकिन सर्वमान्य नेता कोई नहीं। अलग-अलग नेता समाज को अलग-अलग दिशा में ले जाने का प्रयास करते रहते हैं जिससे समाज लगातार बिखरता रहता है। जितने ज्यादा सामाजिक संगठन होंगे, समाज भी उतना ही कमजोर होगा। जरूरत इस बात की है कि सभी सामाजिक संगठनों को एक मंच पर लाकर समाज का कोई एक सर्वमान्य नेता चुना जाए, जिसकी बात को पूरा गडरिया समाज माने। तभी समाज का सही अर्थों में भला हो सकता है।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# शिक्षा चुनिए, जागरूकता चुनिए, उज्ज्वल भविष्य चुनिए!

आप अपने बच्चों को कैसा भविष्य देना चाहते हैं? एक ऐसा भविष्य जहां अच्छी शिक्षा हो, अच्छी सोच हो, अच्छे संस्कार हों। जहां वे जागरूक बनें, सम्मानजनक नौकरी करें, समाज में इज्जत से जिएं। जहां वे लोगों के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ें और अपने परिवार का नाम रोशन करें या फिर ऐसा भविष्य जहां अंधविश्वास हो, पाखंड हो, न शिक्षा हो, न रोजगार, न लक्ष्य हो, न दिशा, सिर्फ बिना मकसद का भटकाव। निर्णय बच्चों का नहीं, आपका है क्योंकि आज आप जो रास्ता चुनेंगे, कल वही उनका जीवन बन जाएगा। शिक्षा चुनिए, जागरूकता चुनिए, उज्ज्वल भविष्य चुनिए।



**-राजकुमार पाल**, मुम्बई
मो. 9930970789

# मीडिया जगत की सुचिता व उसका बाजारवाद!

मीडिया जगत में प्रिंट मीडिया की सबसे बड़ी समस्या आज उसे अपना अस्तित्व बचाने की हो चली है, उसमें वह खबरें ज्यादा बलात छापने के लिए आ ही जाती हैं कि जिसमें अखबार का व्यापार चलता रहे और लोग पढ़ें भी। उनकी खबरें लोगों की समाज की समस्याओं का आईना होती हैं। हत्या, हिंसा, बलात्कार, ठगी और उससे भी अधिक घरेलू हिंसा में हत्या या आत्महत्या की खबरें मन मस्तिष्क को ज्यादा प्रभावित करती हैं। आज कहां कितनी हत्याएं हुईं ऐसी खबरें पत्रकारिता व जनसंचार समाज के दायित्व बोध को रखते हुए अब पूर्णरूपेण विवश हैं वह सब कुछ छापने के लिए जो समाज को रुचिकर है और बाजारवाद को बढ़ावा दे रहा है। मेरा अपना मानना है कि मल्टीमीडिया के युग में लोग अपराध पढ़कर अपराध करना ज्यादा सीख रहे हैं। वह एक-दूसरे को देखकर, करके कोई किसी से कम नहीं रहना चाहता है। वह सब जल्दी-जल्दी में करता चला जा रहा है। एक अच्छा भोगवादी जीवन जीने के लिए वह अब पुराने नीति शास्त्र पर नहीं चलना चाहता है। पुराने सारे सिद्धांत धन ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जीने में उसे बाधक लग रहे हैं और वह वैचारिक मन को अच्छे लगने वाले विज्ञापन के जीवन की दुनिया में जीने के लिए विवश हो रहा है और इधर मल्टीमीडिया के माध्यम उसे पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कहने का आशय है कि समाज का वर्तमान स्वास्थ्य दिनोंदिन इतने संसाधनों के बावजूद गिरता ही जा रहा है। सरकारें जो सहूलियतें दिए हैं वह सब फेल साबित हो रही हैं। अस्पताल प्राइवेट जांच के ऊंचे-ऊंचे दावे करते हैं, सामाजिक व्यवस्था को पैसे के चक्कर में बिगाड़ रहे हैं। नई-नई बीमारियों के जाल में आम जनजीवन फँसता जा रहा है और बाजारवाद की उपभोक्तावादी संस्कृति बढ़ती जा रही है। लोग अपने में जानकार बन रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तंत्र तो अपने ढंग से नॅरेटिव बनाकर बात रख रहा है और वैचारिक गुटबाजी का ऐसा दौर चल रहा है जिसमें बिना प्रभावित हुए कोई नहीं रह रहा है। सब अपनी-अपनी एकाकी उन्नति की दौड़ में लगे हैं, कोई एक-दूसरे से सामंजस्य नहीं बैठा रहा है। इस प्रकार की नई जनरेशन इस आपाधापी में सबसे ज्यादा आत्महत्या कर रही है जो आज की पत्रकारिता के लिए सबसे बड़ा प्रश्न बना है कि लोगों को सही दिशा कौन दिखाएगा? इस क्रम में पुराने दो महाकाव्य रामायण और महाभारत आज भी पठनीय और प्रासंगिक हैं। मेरी अपनी सोच से वहां लाख विरोधाभासों में जीवन जगत को समझाया गया है, उसका सार नई पीढ़ी की संतानों को पढ़ना पड़ेगा और खबरों की सुचिता पर मीडिया जगत को ध्यान रखना पड़ेगा।



**-जगदीश प्रसाद पाल**, उन्नाव
परास्नातक जनसंचार
मो. 9794866822

# सामाजिक और न्यायिक जागरूकता ही उत्थान का सही मार्ग है!

हमारे देश में सामाजिक और न्यायिक जागरूकता बहुत कम लोगों में है। वास्तविकता से दूर काल्पनिक व्यवस्थाओं में लिप्त केवल कही-सुनी बातों पर महत्व देते हैं जिससे कहीं न कहीं सामाजिक और न्यायिक दूरियां बनाते जाते है। यहां तक कि 100, 200, 500 रुपए और दारू की बोतल के बदले अपने पांच साल के न्यायिक समय को समाप्त कर देते हैं। वह पांच साल पचास साल तक भविष्य को हानि पहुंचाते हैं। जब लोग अपना वोट इन्हीं कारणों से देकर आते हैं तो वह उनके लिए कुछ पल अच्छा होता है। उसके बदले वे समाज, देश, परिवार एवं अपने बच्चों के भविष्य के लिए न्यायिक हानि पहुंचाते हैं जिसे वह समझ भी नहीं पाते हैं। हमारे देश में लोकतंत्र को स्थापित रखना नेताओं का काम नहीं है, हम सबका है। हम सबको सामाजिक और न्यायिक जागरूकता पर बल देना होगा ताकि भविष्य में लोगों को सामाजिक कुरीतियों और न्यायिक व्यवस्थाओं को जानने का मौका मिल सके। समाज में पुरानी व्यवस्थाओं को पकड़कर हम भूल जाते हैं कि कुछ वह व्यवस्थाएं जिनमें किसी न किसी वर्ग को अछूत भी माना जाता है और किसी को अछूत होते हुए पाक-साफ मान लिया जाता है जिससे सामाजिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ न्यायिक दूरियां स्थापित होती जाती हैं। वर्तमान में समय से न्याय न मिलने का सबसे बड़ा यही कारण है। पिछड़े वर्ग से तालुक रखने वाला व्यक्ति अपनी उन्हीं परंपराओं को छोड़ नहीं पाता है जिन्होंने उसे पिछड़ा बनाया। जिसने जागरूकता स्वरूप न्याय पाने की ठान ली उसे न्याय मिला, जो न्याय के लिए किसी और पर निर्भरता स्वीकार कर लेता है वह कभी न्याय पाने का अधिकारी नहीं होता है। हमारे देश में अंतिम व्यक्ति तक न्याय दिलाने के लिए न्यायपालिका तत्पर है जिसमें देश के प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक अधिकार जो उसे मौलिक अधिकार के रूप में प्राप्त है। जिसे किसी पार्लियामेंट, असेंबली या अन्य संविधानिक संस्थाओं द्वारा समाप्त या कम नहीं किया जा सकता है। सामान्यतया प्रत्येक नागरिक को 6 मौलिक अधिकार प्राप्त हैं जिसमें संविधानिक अधिकार उसे न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 में और 226 में विशेष प्रावधान है। इन्हीं दोनों में आपको 5 रिट और साथ में पीआईएल का स्पेशल प्रोविजन है। इतना देश के प्रत्येक जागरूक को उसे सम्पूर्ण न्याय दिलाने के लिए पर्याप्त है, जिससे स्वयं को तो न्याय मिलता ही है, साथ ही परिवार, समाज एवं अन्य को भी न्याय मिलने में सहायक भूमिका अदा की जा सकती है। एक अच्छे ईमानदार नागरिक होने के नाते सभी को सामाजिक और न्यायिक जागरूक होना अनिवार्य है। जिस देश में लोग अधिक जागरूक होते है वही देश आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि देश या दुनिया को सही नेतृत्व एवं लीडरशिप उसके देश को अलग पहचान दिलाती है। सामान्यतया माना जाता है कि जागरूक व्यक्ति ही समाज का नेतृत्व करता है। जागरूकता का भाव जिस लेवल का होगा उसका समाज उसी लेवल पर विकसित होगा। हमारे देश में संविधानिक तौर पर पिछड़ों को मौके दिए गए कि वह समान रूप से स्थापित हों, किंतु उन्होंने उसी नेतृत्व को महत्व दिया जो स्वयं में सामाजिक और न्यायिक जागरूक नहीं था। जिसने अपना नेतृत्व जागरूक चुना वह आगे बढ़ा और अपना अधिकार पाया। दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि आजादी के इतने दिनों बाद भी पिछड़ा, पिछड़ा है, उसका सही कारण यही है। जिस दिन पिछड़ा अपना नेतृत्व किसी जागरूक व्यक्ति का स्वीकार कर लेगा उस दिन वह समानता की श्रेणी में आ जाएगा। अन्यथा आगे भविष्य में भी अपना अधिकार मांगता ही रहेगा। अधिकार मांगा नहीं, छीना जाता है। बस आप अपने साथ-साथ अपना नेतृत्व जागरूक चुनें।



**-डॉ सुधीर कुमार पाल**
एसोसिएट प्रोफेसर, महर्षि यूनिवर्सिटी
ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा
मो. 9005566201

# जो समाज एकजुट होते हैं वही आगे बढ़ते हैं!


हमारा गड़रिया इतिहास गौरवशाली रहा है, ये सत्य है। हमारे अनेक राजा-महाराजाओं ने मेहनत, साहस, एकजुटता के बल पर शासन किया। मुगलों और अंग्रेजों के समय स्थिति कमजोर होती चली गई। पचास-चालीस सालों पहले तो और स्थिति दयनीय थी। गांवों में हम आपस में बिखरे हुए थे। अपनापन और आपसी सहानुभूति की कमी थी। शिक्षा का दौर चल रहा था। लोकतन्त्र आते ही स्थिति सुधार की तरफ बढ़ रही थी। ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया अध्यापकों द्वारा दबी-कुचली जातियों के बच्चों को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का प्रयास किया जाता था ताकि बच्चे हतोत्साहित होकर शिक्षा से दूर रहें। इस तरह के अपराध देश की शैक्षिक सम्पदा को नुकसान पहुंचाते आए हैं। मनुवादियों का साथ उनके कुछ पिछलग्गू शूद्र भी देते थे, जो कुछ-कुछ आज भी हो रहा है। यूजीसी इस तरह के गालीसूचक अपराधों को रोकने के लिए लाया गया है जिसका मनुवादी विरोध कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हमारे गड़रिया समाज के बच्चों ने हिम्मत नहीं हारी और समाज का नाम लेने में गौरव महसूस करने लगे, यही हमारी एकजुटता का मंत्र बना। समाज शिक्षित होने लगा, शिक्षा का असर है जो आज एकजुटता की ताकत को पहचानने लगे हैं। आज समाज में भाईचारे, अपनापन, सहानुभूति जैसी कल्याणकारी सोच का जन्म हुआ है और समाज एकता के बल पर राजनीति में कदम बढ़ा रहा है। आज हमारे गड़रिया समाज में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी और महादेव जानकर की राष्ट्रीय समाज पक्ष अपने राजनीतिक पथ पर अग्रसर है। आज समाज को अपने एकता के प्रयास को लगातार चलाते रहना चाहिए, आपस में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जोड़ने का अभियान चलता रहना चाहिए। जो समाज एकजुट होते हैं वही आगे बढ़ते हैं।



**-सतबीर बघेल**, जेवर
मो. 8800120437

# गड़रिया समाज की राजनीतिक दिशा और एकता की आवश्यकता!

गड़रिया समाज ने हमेशा मेहनत, संघर्ष और आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन जिया है। इतिहास गवाह है कि इस समाज ने देश और प्रदेश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन जब बात राजनीतिक हिस्सेदारी की आती है तो हमारा समाज अक्सर बिखरा हुआ दिखाई देता है। यही बिखराव हमारी ताकत को कमजोर कर देता है। महादेव जानकर साहब समाज के लिए वर्षों से तपस्या और संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा गड़रिया समाज की आवाज को बुलंद करने का प्रयास किया है। आज जब समाज के युवा अलग-अलग दलों में जाकर केवल पिछलग्गू बनकर रह गए हैं, तब यह समय आत्ममंथन का है। इतिहास बताता है कि जब समाज अपनी ताकत भूल जाता है, तब केवल पछतावा ही हाथ आता है। आज सैकड़ों कार्यकर्ता निराश हैं और समाज की उम्मीदें फिर से मजबूत नेतृत्व की ओर टिकी हुई हैं। इसलिए समय की मांग है कि साहसिक निर्णय लिया जाए और समाज को एक दिशा दी जाए। बाबूराम पाल से भी समाज की अपेक्षा है कि वे पुराने मनमुटाव और मतभेदों को भुलाकर समाजहित को सर्वोपरि रखें। ऐरे-गैरे लोगों के साथ गठबंधन करके कोई लाभ नहीं मिलने वाला, इसका अनुभव हम पहले भी कर चुके हैं। यदि गड़रिया समाज के बड़े नेता आपस में बैठकर समझदारी से निर्णय लें, एकजुट होकर प्रत्याशी घोषित करें और समाज को स्पष्ट दिशा दें, तो निश्चित रूप से बड़ा परिवर्तन संभव है। आज एक और बड़ी समस्या यह है कि नेशनल मीडिया गड़रिया समाज की वास्तविक ताकत को कम करके दिखाता है। कई बार हमारी जनसंख्या को केवल 2 से 3 प्रतिशत बताया जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि उत्तर प्रदेश में गड़रिया समाज की आबादी लगभग 8 से 10 प्रतिशत तक मानी जाती है। इतनी बड़ी संख्या यदि एकजुट होकर निर्णय ले ले, तो प्रदेश के राजनीतिक समीकरण बदलने की ताकत रखती है। अब समय आ गया है कि समाज अपनी शक्ति को पहचाने। बिखराव की राजनीति से ऊपर उठकर संगठन और नेतृत्व को मजबूत करें। आने वाले समय में गड़रिया समाज को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सम्मानजनक राजनीतिक भागीदारी चाहिए। समाज का स्पष्ट संदेश होना चाहिए कि जो भी दल गड़रिया समाज को सम्मान देगा, नेतृत्व में भागीदारी देगा और उपमुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर समाज को स्थान देगा, वही दल समाज का समर्थन पाएगा। अगर गड़रिया समाज एकजुट होकर अपनी राजनीतिक शक्ति का सही उपयोग करे, तो वह दिन दूर नहीं जब समाज केवल वोट बैंक नहीं बल्कि सत्ता का निर्णायक भागीदार बनेगा। यही समय है जागने का, संगठित होने का और अपने अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्प लेने का।



**-नेमसिंह बघेल**, वडोदरा
भारतीय रेल सेवा निवृत्त
व पूर्व ट्रेड यूनियन लीडर
मो. 9427343302

# पटना में 14वाँ पाल पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित, विधायक नागेंद्र राउत सम्मानित




**पटना।** 8 अप्रैल को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में पाल इंटेलेक्चुअल फोरम के तत्वावधान में 14वाँ पाल पारिवारिक मिलन सह सम्मान समारोह डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन फोरम के संयोजक डॉ. विनोद पाल ने किया। कार्यक्रम चार सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि इस वर्ष का समारोह महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि नारी केवल सृष्टि की सहचरी ही नहीं, बल्कि सृजन की प्रथम कड़ी है। यदि उसे ज्ञान का अवसर मिलता है तो वह पीढ़ियों को संस्कारित करती है, अवसर मिलता है तो परिवार और समाज को समृद्धि का मार्ग दिखाती है तथा सम्मान मिलने पर समाज में संतुलन और संवेदना का विस्तार करती है। उन्होंने कहा कि नारी का उत्थान ही समाज का वास्तविक विकास है। फोरम के संयोजक डॉ. विनोद पाल ने माता सावित्रीबाई फुले को अपना आदर्श बताते हुए मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अहिल्याबाई होलकर ने धैर्य और साहस का परिचय देते हुए समाज सुधार का आदर्श प्रस्तुत किया तथा सती प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि यह केवल पाल समाज ही नहीं बल्कि बहुजन समाज के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाए बिना राज्य और समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। डॉ. विनोद पाल ने सरकार से प्रमोशन में अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण लागू करने, अति पिछड़ा वर्ग से अपेक्षाकृत मजबूत जातियों को अलग करने तथा बिहार में अन्य सेवाओं में भी अति पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की सीमा 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 21 प्रतिशत करने की मांग की। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की भी बात कही। उन्होंने आजादी के बाद पहली बार पाल समाज से प्रो. नागेंद्र राउत के विधायक बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समाज की ओर से बधाई भी दी और कहा कि आने वाले समय में कोई भी राजनीतिक दल पाल समाज की अनदेखी नहीं कर सकता। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक प्रो. नागेंद्र राउत (सुरसंड विधानसभा) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता को टिकट देकर विधानसभा भेजने का अवसर दिया है, जिसके लिए वे उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि वे पाल समाज के साथ-साथ बहुजन समाज के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाते रहेंगे। इस मौके पर डॉ. ओ.पी. गुजेला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरा शुरू से ही यह सपना रहा है कि पाल समाज का कोई बेटा बिहार विधानसभा तक पहुँचे। जब से मैं पाल इंटेलेक्चुअल फोरम से जुड़ा हूँ, तभी से लगातार एक ही आवाज उठाता रहा हूँ- पाल समाज की भागीदारी। इसके लिए मैंने न केवल पाल इंटेलेक्चुअल फोरम की बैठकों और सम्मेलनों में अपनी बात रखी, बल्कि अपने लेखों के माध्यम से भी पाल समाज को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। आज प्रो. नागेंद्र राउत के विधायक चुने जाने पर मुझे जो खुशी हो रही है, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।' डॉ. राजेंद्र प्रसाद पाल ने कहा, 'समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, जागरूकता और संगठन की मजबूती से ही संभव है।' उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज की भागीदारी और सशक्तिकरण के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व की भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में 'पाल दर्पण' अंक-5 का विमोचन किया गया, जबकि तृतीय सत्र में परिचय कार्यक्रम आयोजित हुआ। चतुर्थ सत्र में विगत वर्ष बीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को 'पाल प्रतिभा सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. कंचन कुमारी, डॉ. मन्नू सिंह, डॉ. ज्योति, सोनू आनंद, मोनू आनंद, अजीत पाल, सीटू कुमारी, आकृति, प्रेमलता कुमारी, ऋषि राज, रवीश राज, विपुल कुमार, चंदन कुमार पाल, दीपशिखा, सुमित कुमार, आलोक कुमार, मिथिलेश कुमार, अमृता कुमारी तथा चंदन पाल शामिल हैं। समाज के सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को 'पाल समर्पण सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। इनमें प्रो. नागेंद्र राउत (विधायक, सुरसंड), डॉ. पी.एन.पी. पाल, राम ध्यानी पाल, डॉ. विजय कुमार, राम प्रकाश भगत तथा नरेश पाल प्रमुख हैं। उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. मनोरंजन कुमार, डॉ. मधु प्रिया, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. अविनाश कुमार, अंबेडकर पाल तथा नागमणि पाल को 'पाल उद्यमी सम्मान-2026' से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में उपेंद्र पाल, ई. संजय पाल, सत्यपाल, डॉ. राकेश पाल, बालेश्वर राय, अनिल पाल, अलख निरंजन पाल, डॉ. महेश पाल, बृजेश पाल, धीरज पाल, भारत पाल, प्रो. रामस्वरूप भगत, अमरेंद्र पाल, अशोक राय, मनोज पाल, कन्हैया पाल, कुशेश्वर राउत, डॉ. जितेंद्र पाल, डॉ. राजेंद्र पाल, अशोक पाल, डॉ. अवधेश पाल, कमल किशोर पाल, हरिशंकर पाल, रामाधार पाल, आलोक पाल, मिथिलेश भगत, डॉ. कमलेश राजपाल, डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. मुकेश पाल, रिंकू पाल, प्रकाश पाल, राजदेव पाल तथा सूर्यदेव पाल सहित लगभग 300 से अधिक लोगों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पाल समाज एवं बहुजन समाज के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने तथा वैज्ञानिक सोच के साथ समाज को मुख्यधारा में सशक्त रूप से स्थापित करने का संकल्प लिया। -डॉ. ओ.पी. गुजेला (पाल)

## बीजा में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन

**तखतपुर।** रंग पंचमी पर प्रेमचंद हिंदी साहित्य समिति तखतपुर के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। दिनेश दुबे अध्यक्ष ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना बसंत पर्व के अवसर पर प्रस्तुत की। डॉक्टर संतोष साहू, अरविंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्राचार्य हूप सिंह ठाकुर, भीकम कौशिक ने होली विषय पर काव्य पाठ किया। नारायण प्रसाद पाली ने महिला शिक्षा पर रचना प्रस्तुत की। समिति के मंच संचालक मोहम्मद उमर कुरैशी ने सनातन धर्म के त्योहार पर अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई



होलकर महारानी इंदौर का छायाचित्र डॉक्टर संतोष साहू को भेंट किया गया। रामस्वरूप वस्त्रकर सरपंच, दीपक सिंह ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच राजकुमार टंडन, रविंद्र वस्त्रकर, मूलचंद कौशिक एवं सर्व समाज के ग्रामीण जन उपस्थित रहे। -नारायण प्रसाद पाली

## लखनऊ में धनगर समाज ने किया उग्र प्रदर्शन

**लखनऊ।** 9 मार्च को लखनऊ में राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर के नेतृत्व में धनगर समाज के लोगों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। समाज के हजारों लोगों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि धनगर समाज के संवैधानिक अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. धनगर ने कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश संविधान और न्यायालय के आदेशों के विपरीत है। बार-बार शासनादेश जारी कर धनगर समाज को अनुसूचित जाति के अधिकारों से वंचित करने की साजिश की जा रही है, जिसे



समाज किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि 26 दिसंबर 2025 को जारी विवादित शासनादेश को तुरंत निरस्त किया जाए और धनगर समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने का स्पष्ट आदेश दिया जाए। जेपी धनगर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया गया तो धनगर समाज पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगा। -ब्यूरो

## बघेल समाज युवा संगठन फरीदाबाद ने सम्मेलन में 10 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह

**फरीदाबाद।** 8 मार्च को बघेल समाज युवा संगठन फरीदाबाद (पंजी.) द्वारा समाज के 10 युगलों का सम्मेलन में सामूहिक रूप से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया। यह मनोहारी दृश्य देखते ही बन रहा था जब दस दूल्हे सामूहिक रूप से एक ही बैंड बाजे के साथ घोड़ियों पर सजकर सम्मेलन स्थल की ओर पहुँच रहे थे। दर्शक फूलों की वर्षा कर रहे थे। मातेश्वरी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद प्रोग्राम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सभी का स्वागत एक साथ किया गया। संगठन के प्रधान एवं मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व मंचासीन गणमान्य व्यक्तियों ने वर-वधुओं को मंच पर बुलाकर एक साथ वरमाला की रस्म संपन्न कराई। उसके बाद अलग-अलग विवाह मंडपों में फेरों की रस्म अलग-अलग पंडितों द्वारा कराई गई। सभी वर पक्ष और वधू पक्ष के लोगों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात सभी परिणय सूत्र में बंधे युगलों को मंच पर बुलाकर उनके खुशहाल दाम्पत्य जीवन की कामना की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधान मुरारी लाल बघेल ने की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि फरीदाबाद के विधायक सतीश फागना एनआईटी बीजेपी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मथुरा के पूर्व सांसद कुंवर मानवेंद्र सिंह रहे। साथ ही हरियाणा सरकार में मंत्री रहे पलवल से सुभाष कत्याल रहे। अति विशिष्ट अतिथि उमेश कुमार प्रांत संगठन मंत्री आरएसएस, प्रताप सिंह कुंडू उद्योगपति व अध्यक्ष कुंडू खाप हरियाणा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरदीप सिंह (सदस्य : जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड फरीदाबाद) एवं श्रीमती सुनीता बघेल (उपाध्यक्ष बल्लभगढ़ महानगर भाजपा व सीएम विंडो प्रथला विधानसभा),





सुरेंद्र भड़ाना अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा मंडल फरीदाबाद आदि ने उपस्थित होकर विवाह सम्मेलन की शोभा बढ़ाकर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। दिल्ली से पधारे भागमल पाली, अशोक पाल (गडरिया), पवन पाल एवं अन्य स्वजातीय बंधुओं ने आकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। फरीदाबाद से भी भारी संख्या में स्वजातीय बंधु पधारे। अंत में पातंजल योग धाम हरिद्वार के अध्यक्ष स्वामी मेधानंद सरस्वती ने नव-युगलों को गृहस्थ धर्म, सामाजिक दायित्व, पाँच महायज्ञ, धार्मिक जीवन शैली, अतिथि सत्कार आदि की शिक्षा देकर उनके सफल जीवन की कामना की। अंत में वर-वधुओं के पिताओं को मंच पर आमंत्रित कर उनको सम्मानपूर्वक विदा किया गया। कार्यक्रम में बघेल समाज युवा संगठन के प्रधान मुरारी लाल बघेल, महासचिव अनिल बघेल, कोषाध्यक्ष भीम बघेल, उपप्रधान गऊचरण बघेल व महावीर सिंह बघेल, सहसचिव संजय सिंह बघेल, सह कोषाध्यक्ष विजेंद्र सिंह बघेल, कानूनी सलाहकार लख्मी चंद पाल, प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी गंगा राम बघेल एडवोकेट, संगठन सचिव डॉ. सतबीर बघेल, प्रचार सचिव रमन बघेल, सह प्रचार सचिव रघुनाथ बघेल, पूर्व प्रधान घनश्याम बघेल आदि का सहयोग रहा। -आर.एस. रौतेला एडवोकेट


## छत्तीसगढ़ देसहा गडरिया (पाल) समाज का 78वां महाधिवेशन संपन्न

**रायपुर।** महादेव घाट में देसहा गडरिया (पाल) समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सम्मेलन में रायपुर व बिलासपुर संभाग के गणमान्य पदाधिकारी, स्वजाति भाई-बहन, माता-बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्यक्ष रामधिन पाल, सचिव राजू पाल, कोषाध्यक्ष हेमंत पाल को चुना गया। निर्वाचन एवं समाज विकास के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। अजय हंसा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए समाज विकास की गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु सकारात्मक प्रोत्साहन देते हुए विचार



व्यक्त किए। साथ ही सर्व गड़रिया संगठन को और मजबूत करने के लिए संभागीय स्तर पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मिलन धनकर, आशीष धनगर, गोविंद राम धनगर, अभिमन्यु धनगर, वीरेंद्र धनगर, संजय धनगर, मिलन पाल, पूर्णेन्दु पाल एवं सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी मिलन पाल मीडिया प्रभारी व नारायण प्रसाद पाली द्वारा दी गई। -ब्यूरो


## सांकरा पुल का नामकरण अहिल्याबाई होलकर के नाम पर करने की मांग



**वड़ोदरा।** गुजरात पाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष नेमसिंह बघेल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक पत्र में मांग की है कि गंगा घाट पर बने सांकरा पुल का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर किया जाए। -ब्यूरो

## गौमाता को संरक्षित करने हेतु राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

**बिलासपुर।** गौमाता को संरक्षित करने, राष्ट्रमाता घोषित करने एवं नशामुक्त राष्ट्र निर्माण की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर के माध्यम से नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार), मूलचंद कौशिक, कौशल प्रसाद साहू द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञापन भेजा गया। -ब्यूरो



## श्याम शंकर पाल को बधाई



**गुरुग्राम।** हरिकमल दर्पण के हरियाणा प्रभारी श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन ने केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित 4 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

# ढेंगर गड़रिया समाज धमधा गंडई राज परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

**धमधा गंडई।** कोंगिया सेक्टर के ग्राम दनिया में 14 मार्च को ढेंगर गड़रिया समाज धमधा गंडई राज परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमें परिक्षेत्र के लगभग 700 महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में ढेंगर गड़रिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद धनकर, विशेष अतिथि के रूप में संरक्षक महतो ईन्द्र धनकर, विशिष्ट अतिथियों के रूप में संरक्षक राधेलाल पाल एवं गणेश पाली, प्रदेश संगठन महामंत्री महेश पाली, प्रदेश प्रवक्ता मनीराम पाली, प्रदेश मुख्य मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली, खैरागढ़ जिला परिक्षेत्र के अध्यक्ष छगन पाल एवं कोषाध्यक्ष सुरेश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश धनकर, प्रदेश सचिव बोधे पाली, प्रदेश संगठन मंत्री विजय पाली, प्रदेश एवं परिक्षेत्रीय मीडिया प्रभारी निरंजन धनकर, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष विनोद पाली, कोषाध्यक्ष लोकनाथ पाली, कार्यकारी महासचिव हेमंत पाली, परिक्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चेतन पाली, उपाध्यक्ष जयराम पाली, कोषाध्यक्ष संतोष पाल, सह सचिव केशव पाली, परिक्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशवंत पाल, सचिव रूपेंद्र धनकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं प्रदेश महिला प्रकोष्ठ महासचिव श्रीमती ममता पाल, सचिव प्रतिमा धनकर, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रेखा धनकर, सचिव रेखा पाल, सलाहकार समिति सदस्य धनेश्वरी धनकर ने अपनी गौरवमई उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन की अध्यक्षता ढेंगर गड़रिया समाज धमधा गंडई राज परिक्षेत्र





